ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय
बीकानेर

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 16-04-2024

जालौर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-04-16 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-04-17	2024-04-18	2024-04-19	2024-04-20	2024-04-21
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	38.0	39.0	38.0	37.0	37.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	25.0	25.0	24.0	24.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	32	26	63	48	47
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	13	15	24	19	23
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	15	19	25	16	20
पवन दिशा (डिग्री)	241	253	242	239	229
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	5	6	0	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

आने वाले दिनों में दिन व रात का तापमान सामान्य रहने, मध्यम आपेक्षिक आद्रर्ता के साथ मध्यम गति की हवाएँ चलने, बादल छाये रहने के साथ वर्षा नहीं होने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

आने वाले दिनों में तापमान सामान्य रहने तथा वर्षा नहीं होने की संभावना हैं अतः गर्मियों वाले बाजरे, सब्जियों तथा फल वृक्षों से अधिक उत्पादन हेतू मृदा में उपयुक्त नमी बनाये रखें व वाष्पीकरण द्वारा होने वाली मृदा नमी की हानि को कम करने के लिये पलवार का प्रयोग करें।

लघु संदेश सलाहकार:

जीरे तथा ईसबगोल की कटाई की हुई फसलों को अच्छी तरह धुप में सुखाने के बाद ही गहाई करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	किसान भाइयो को सलाह दी जाती है कि कपास की बुवाई के लिए खाद, उन्नत किस्म का बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
खीरा	मौसम की परिस्थितियाँ सब्जियों में लीफ माइनर (पत्ती में सुरंग बनाने वाला कीट) के प्रकोप के अनुकूल हैं अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिये सायनाट्रेनीलीप्रोल 10.26 प्रतिशत ओ.डी. 1 मिलीलीटर प्रति 2 लीटर पानी की दर से छिड़काव करें।

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
खीरा	आने वाले मौसम की परिस्थितियाँ सब्जियों तथा खीरावार्गीय फसलों में फल मक्खी के प्रकोप के अनुकूल हैं अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि कीट के प्रभावी नियंत्रण के लिये कीट आकर्षक क्यु लूर ट्रैप (इथेनोल : क्यु लूर : कार्बेरिल अनुपात 8:1:2) 25 से 30 ट्रैप प्रति हैक्टेयर की दर से पुष्पन की प्रारम्भिक अवस्था पर लगायें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेड़	भेड़ व बकरीयों को फडक्या एवं टिपीआर रोग से बचाव हेतू पंजीकृत पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार वर्षा ऋतू से पहले टिके अवश्य लगवा ले ।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
कड़क नाथ	मुर्गीयो को सीआरडी एव रानीखेत रोग से बचाव हेतू पंजीकृत पशु चिकित्सक की सलाह अनुसार वर्षा ऋतू से पहले टिके अवश्य लगवा ले ।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	मध्यम से भारी गठन वाली मृदाओं में रबी फसलों की कटाई के बाद गहरी जुताई करके खेत को खुला छोड़ देवें जिससे वायुमंडल, मृदा के अधिक तापमान व सूर्य की सीधी किरणों से खरपतवारों, रोग एवं कीटों के अवशेष नष्ट हो सके तथा मानसून के समय वर्षा के पानी का अवशोषण अधिक से अधिक हो सके।
सामान्य सलाह	दिन के अधिक तापमान के कारण केंचुओं की वृद्धि व क्रियाशीलता पर नाकारात्मक प्रभाव पड़ता हैं अतः किसान भाइयों को सलाह दी जाती हैं कि केंचुआ खाद की मेड़ें में तापमान नियंत्रण के लिये मेड़ों को जुट के बोरों से ढककर तथा गीला करके रखें।
सामान्य सलाह	किसान भाइयो को सलाह दी जाती है कि कटाई और गहाई के बाद फसल उत्पाद को धूप में नमी की मात्रा 10% से कम होने तक सुखाएँ तथा धूप में अच्छी तरह सुखी हुई साफ बोरियों या ड्रमों में भंडारित करें।